web : www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 | Email :- nyaysakshi@gmail.com | रायगढ़, शनिवार 09 फरवरी 2019 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए | वर्ष-01, अंक-131

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से किया लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान का शुभारंभ



## ठगी और धोखाधड़ी कांग्रेस पार्टी की रग-रग में है : मोदी

## भ्रष्टाचार से जुड़े लोगों का अब कोई औचित्य नहीं

## बारिश के बावजूद उमड़ा लोगों का हुजुम

रायपुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ से लोकसभा के लिए चुनाव प्रचार अभियान का आगाज करते हुए कहा कि आज देश के गरीबों के लिए केन्द्र में स्थापित भाजपा की मोदी सरकार उनके हाथ से हाथ मिलाकर खड़ी है। कांग्रेस पार्टी को लगता है कि उनके 55 वर्षों के कार्यकाल में गरीबों की माला जपने का एकाधिकार को हमने महज साढ़े चार वर्षों में खत्म कर दिया। उक्त बाते उन्होंने एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के कोड़ातराई में कही। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस को हम इस लिए चुभ रहे हैं कि उन्होंने ने देश के लोगों को जिन 55 वर्षों तक ठगा हमने उनका महज 4 वर्षों में भांडा फोड़कर गरीबों, मजदूरों आदिवासियों और आम जनता के प्रति विशेष योजनाएं बनाकर उन्हें एक अलग तरीके से प्रतिस्थापित किया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हमने विचौलियों से हटकर योजनाएं बनाई है। छत्तीसगढ़ में 15 वर्षों से सत्ता का सुख पाने के लिए कांग्रेस पार्टी तरस रही थी। आज उन्हें चौकीदार की चाक-चौबंद योजनाओं पर प्रतिबंध लगाना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ की वर्तमान कांग्रेस सरकार सीबीआई की जांच में अड़ंगा लगाने की कोशिश कर रही हैं। वे डरते क्यों है? राज्यों में नेता भ्रष्टाचार करता है तो उन पर सीबीआई कार्रवाही करता है और यही समस्या कांग्रेस पार्टी पर है जो अपनी भ्रष्टाचार छुपाती है। आने वाले लोकसभा चुनाव में दिल्ली में बैठे कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता छत्तीसगढ़ को अपना एटीएम बनाना चाहता है। लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि उनके परिवार के कई लोगों के ऊपर भ्रष्टाचार की धाराएं लगी हुई है। वे जमानत पर चल रहे हैं। इनके मामा-चाचा को भारत लाया जा रहा है।

**केन्द्र की योजनाओं पर प्रतिबंद्ध लगा रहा राज्यों का कांग्रेस सरकार**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं को खर्चे खिलाने की तहत कांग्रेस शासित राज्यों में बंद किया जा रहा है। महामिलावट खोरों ने मोदी को गाली देने का मुद्दा बनाया है। उन्हें मैं यह बताना चाहता हूं कि चौकीदार अलर्ट है। भ्रष्टाचार से जुड़े लोगों का कोई औचित्य नहीं हैं। वे कितना भी मिलावट कर ले चौकीदार चुप नहीं बैठेगा। ठगी और धोखाधड़ी कांग्रेस पार्टी के रग-रग में बसी है।

**छत्तीसगढ़ में कुछ ही किसानों का हुआ कर्ज माफ**

छत्तीसगढ़ के किसानों का कर्जमाफ नहीं हुआ है। ऐसे कुछ किसानों का कर्जमाफ हुआ है जो, सहकारी बैंकों से कर्ज लिए थे और ऐसे किसानों का कर्जमाफी नहीं हुआ जो राष्ट्रीयकृत बैंकों से कर्ज लिए थे। कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ में आई कांग्रेस की सरकार ने किसानों की कर्जमाफी वाले वादे पर लोगों को झूठ बोला है। कर्जमाफी के नाम पर बिचौलिए के पेट भरे जाते हैं। चुनाव के सामने आते ही ये कर्ज का पीटारा खोलते हैं। ऐसी भेदभाव की नीति मोदी को स्वीकार नहीं।

**अब हर साल किसानों को मिलेगा लाभ**

प्रधामंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत प्रति वर्ष 6 हजार रूपये देने की घोषणा की है इसमें गरीब और 5 एकड़ से कम जमीन रखने वाले किसानों को प्रतिवर्ष फायदा मिलेगा। देशभर में इस योजना से करीब 12 करोड़ किसानों को फायदा मिलेगा। मोदी की इस योजना से किसानों को हर वर्ष फायदा मिलेगा। हमारी सरकार किसानों को क्रेडिट कार्ड से जोड़कर स्वावलंबी बनाया है। आज कांग्रेस पार्टी में मोदी को गाली देने की होड़ मची है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अयोध्या में सेना के ग्रेनेड में विस्फोट, दो की मौत

अयोध्या (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के कैंट थाना क्षेत्र में सेना के ग्रेनेड में विस्फोट से महिला और उसके बेटे की मृत्यु हो गयी जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मूर्तियों पर खर्च हुआ जनता का पैसा मायावती वापस लौटाएं

**सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

नई दिल्ली (आरएनएस)। बसपा सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को अपने कार्यकाल में मूर्तियां बनवाने पर तगड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कहा कि मायावती को मूर्तियों पर खर्च हुए सरकारी पैसे को लौटाना चाहिए। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने मायावती के वकील को कहा कि अपने क्लाइंट को कह दीजिए कि वह मूर्तियों पर खर्च हुए पैसों को सरकारी खजाने में जमा कराएं। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा कि वह इस मामले पर 2 अप्रैल को सुनवाई करेंगे।

### भारत की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे राजपक्षे

कोलंबो (आरएनएस)। श्रीलंका में विपक्ष के नेता महिन्दा राजपक्षे शुक्रवार को भारत की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। उनके कार्यालय ने बताया कि पिछले महीने विपक्ष के नेता बनाए जाने के बाद यह राजपक्षे की पहली विदेश यात्रा होगी। उन्होंने बताया कि राजपक्षे बेंगलुरू में श्रीलंका भारत संबंधों पर एक व्याख्यान देने वाले हैं। पिछले छह महीने में यह राजपक्षे की दूसरी भारत यात्रा होगी। सितंबर में अपनी यात्रा के दौरान वह नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले थे।

### योगी और कमलनाथ में मची होड़, कौन बड़ा गौभक्त ?

नई दिल्ली। साल 2019 के लोकसभा चुनावों की तैयारियां जोरों पर हैं। चुनावों में गौरक्षा का मुद्दा कितना अहम होगा इसका अंदाजा राजनैतिक पार्टियों की तैयारियों को देखकर ही लगाया जा सकता है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गायों के लिए भारी-भरकम बजट पेश किया तो मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने गौरक्षा पर कड़े निर्देश जारी किए।

### बेरहमी से 7 लोगों की कर दी गई हत्या, 3 का किया अपहरण

एजेंसी। अफ्रीकी देश मोजाम्बिक के काबो डेलगाडो प्रांत में सात लोगों की नृशंस हत्या और तीन किशोरियों का अपहरण कर लिए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मकोमिया जिले के एक गांव में हमलावरों ने एक मकान में घुसे और सात लोगों का सिर धड़ से अलग कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हमलावरों ने 13 से 15 वर्ष के बीच आयु की तीन किशोरियों का अपहरण कर लिया।

### अस्पताल में 6 दिन बिताने के बाद वापस जेल पहुंचे नवाज शरीफ

लाहौर भ्रष्टाचार के एक मामले में सात साल जेल की सजा काट रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ लाहौर के अस्पताल में छह दिन बिताने के बाद वापस जेल पहुंच गए हैं.शरीफ की बेटी मरियम नवाज ने बृहस्पतिवार को यहां अस्पताल के बाहर संवाददाताओं से कहा कि नवाज शरीफ के स्वास्थ्य के मुद्दों पर सरकार के गंभीर नहीं रहने के रवैये के कारण उनके आग्रह पर उन्हें कोट लखपत जेल (लाहौर) वापस भेज दिया गया है. उन्होंने कहा कि शरीफ (69) पिछले शनिवार से सर्विसेज हॉस्पीटल में थे लेकिन सरकार उनके स्वास्थ्य की स्थिति पर मजाक बना रही थी.उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि उन्हें हृदय रोग की समस्या है लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सरकार उन्हें एक अस्पताल से दूसरे में भर्ती करा रही है.

## बर्थडे पार्टी में जहरीली शराब पीने से 15 लोगों की मौत



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में जहरीली शराब का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुशीनगर के बाद अब सहारनपुर में जहरीली शराब पीने से 15 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा है। सभी पीड़ितों का पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले कुशीनगर में जहरीली शराब पीने से 10 लोगों की मौत हो गई थी। सहारनपुर थाना क्षेत्र के गांव उमाही में जहरीली शराब पीने से 5 युवकों की मौत हुई है जबकि 10 से ज्यादा गंभीर बताए जा रहे हैं। वहीं थाना गागलहेड़ी के गांव शरबतपुर में भी जहरीली शराब पीने से तीन युवकों की मौत की खबर है। इसके अलावा अलग-अलग गांवों से भी मौतों की खबरें आ रही हैं। जहरीली शराब पीने से हुई मौत से जहां परिवार में कोहराम मच गया वहीं ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। शुरुआति जांच में पता चला है कि एक बर्थडे पार्टी में जहरीली शराब परोसी गई थी। वहीं कुशीनगर में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 10 पहुंच गई है। कुशीनगर के तरयासुजान थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने वाले 5 और लोगों की गुरुवार को मौत हो गई।


## नाइजीरिया में राजनीतिक रैली में भगदड़, 5 मरे

लागोस (आरएनएस)। नाइजीरिया के ताराबा राज्य में एक राजनीतिक रैली में भगदड़ मचने से पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यह रैली राष्ट्रपति मुहम्मदु बुहारी के दोबारा चुनाव को लेकर निकाली गई थी जिसमें हजारों समर्थकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।

अस्पताल के प्रवक्ता डोरकास फिलेमोन, जहां शव रखे गए थे, ने ताराबा की राजधानी जैलिंगों में पत्रकार को इस घटना की पुष्टि की।

## दो हेक्टेयर तक कृषि भूमि वाले किसान परिवारों को 6000 प्रतिवर्ष की सहायता दी जाएगी

**पीएम-किसान योजना**




नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) को प्रभावी और तेजी से लागू करने में सहायता करने के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है ताकि हकदार लाभ किसानों को शीघ्रता से हस्तांतरित किया जा सके।

मुख्यमंत्रियों को भेजे अपने पत्र में केंद्रीय कृषि मंत्री ने लिखा है कि इस योजना के तहत छोटे किसान परिवारों का चयन राज्य सरकारों को करना है। बैंक खाते जैसे आवश्यक विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराने हैं ताकि लाभ की पहली किस्त इन पात्र परिवारों के खातों में हस्तांतरित की जा सके।

योजना को लागू करने के लिए राज्य सरकार गांव में पात्र लाभार्थी भूमि धारक किसान परिवारों का डाटाबेस तैयार करेंगे। इनमें नाम, आयु, लिंग, श्रेणी (एससी/एसटी), आधार नम्बर (अगर आधार नम्बर जारी नहीं किया गया है तो पहचान के उद्देश्य से आधार नामांकन संख्या के साथ कोई अन्य निर्धारित दस्तावेज जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, नरेगा जॉब कार्ड या केंद्र/ राज्य/ केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों या उनके अधिकारियों द्वारा जारी किया गया कोई अन्य पहचान दस्तावेज), बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड आदि का विवरण शामिल होंगे।

## राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

**राफेल मुद्दे पर हंगामा**



नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस समेत सभी विपक्षी सदस्यों ने राफेल विमान सौदे को लेकर राज्यसभा में शुक्रवार को भारी शोर-शराबा किया जिससे कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिये स्थगित कर दी गई। सभापति एम. वेंकैया नायडु ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए जरूरी दस्तावेज सदन के पटल रखवाये। उन्होंने विभिन्न दलों के सदस्यों के नाम बोले और कहा कि इन सभी ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कराने के नोटिस दिये हैं। सभापति इन सभी से सहमत हैं और इन सभी पर चर्चा होगी। इससे पहले केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षकों के आरक्षण के मुद्दे पर सरकार उच्चतम न्यायालय में समीक्षा याचिका दायर करेगी और यह खारिज होने की स्थिति में अध्यादेश या विधेयक लायेगी।

उन्होंने कहा कि स्थिति स्पष्ट होने तक विश्वविद्यालयों में भर्ती नहीं की जायेगी। इसके बाद नायडु ने शून्यकाल चलाने का प्रयास किया तो सदन में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद बोलने के लिये खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि राफेल सौदे को लेकर अंग्रेजी अखबार में कुछ छपा है।

इस पर सभापति ने कहा कि आपको बोलने की अनुमति नहीं दी गयी है और आपने इस मुद्दे पर कोई नोटिस नहीं दिया है। इससे कांग्रेस के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन की ओर बढने लगे।

## 12 घंटे बाद भी जवाहर टनल से निकाले नहीं जा सके 10 लोग



**मौसम फिर बना अड़चन**

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर हिमस्खलन की चपेट में आने के बाद दस लोग लापता हैं। भारी बर्फबारी और भूस्खलन के कारण रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राजमार्ग शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन भी बंद है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार शाम जवाहर सुरंग के पास एक पुलिस चौकी के पास हिमस्खलन हुआ। लापता लोगों में छह पुलिसकर्मी, दो अग्निशमन सेवा के कर्मचारी और दो कैदी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, हिमस्खलन के तुरंत बाद खोज और बचाव अभियान शुरू हुआ लेकिन खराब मौसम के कारण इसमें बाधा आ रही है। ये जवान कल शाम से फंसे हैं व 12 घंटे से अधिक समय हो गया है। बनिहाल सेक्टर में हिमस्खलन और रामसू-रामबन इलाके में भूस्खलन के कारण शुक्रवार को राजमार्ग पर यातायात की अनुमति नहीं है। यातायात विभाग के अधिकारियों ने कहा कि काजीगुंड और जवाहर सुरंग के बीच हिमस्खलन हुआ था जहां अभी तक सफाई नहीं हो पाई है। राजमार्ग पर यातायात की बहाली में कम से कम तीन दिन लग सकते हैं इसलिए प्रशासन ने घाटी में पेट्रोल और डीजल की बिक्री को सीमित करने का आदेश दिया है।

## दिल्ली सरकार ने बाइक एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली सरकार ने गुरुवार को समय पर स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिए बाइक एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की। बाइक एंबुलेंस सेवा की शुरुआत अत्यधिक यातायात वाले क्षेत्रों और छोटी गलियों तक समय पर स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने के लिए की गई है। फर्स्ट रिस्पॉन्डर व्हेकिल्स नामक बाइक सेवाएं एक पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर, प्राथमिक चिकित्सा किट और ड्रेसिंग सामग्री, एयर-स्प्लिंट्स, जीपीएस और संचार उपकरणों से सुज्जित होंगी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के साथ दिल्ली सचिवालय में 16 बाइक के बेड़े का शुभारंभ किया। इस पहल के जरिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में एंबुलेंस प्रतिक्रिया सेवा में तेजी लाई जाएगी।

## पांच हजार मुर्गे-मुर्गियां जिंदा जले

**पोल्ट्री फार्म पर गिरी आसमानी बिजली**



ऊना (आरएनएस)। प्रदेश के बनगढ़ में एक पोल्ट्री फार्म पर अचानक आसमानी बिजली गिरने से करीब 5 हजार मुर्गे-मुर्गियां जिंदा जल गए। बुधवार से ही ऊना जिला में हो रही तेज बारिश के बीच गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे बनगढ़ में स्थित चमन लाल के पोल्ट्री फार्म में आसमानी बिजली गिरने से आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर करीब 5 हजार मुर्गे-मुर्गियां जिंदा जल गए।

आग लगने का पता चलते ही मौके पर पहुंचे चमन लाल ने पुलिस व दमकल विभाग को घटना के बारे सूचित किया। सूचना पाते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक पोल्ट्री फार्म काफी हद तक जल चुका था। चमन लाल ने बताया कि आसमानी बिजली गिरने से पोल्ट्री फार्म में मुर्गे- मुर्गियां, फीड सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। घटना में करीब 10 लाख का नुकसान हुआ है।

चमन लाल ने जिला प्रशासन से राहत की मांग है। उधर, केंद्र फायर अधिकारी नितिन धीमान ने बताया कि सूचना पाते ही अग्रिशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर नियंत्रण पाया।

## प्यार में ठुकराए व्यक्ति ने 5 बच्चों की मां की हत्या की




नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी में पांच बच्चों की मां के एक तरफा प्यार में पड़े एक व्यक्ति ने शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर उसकी चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। आरोपी को पकड़ लिया गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (एसीपी) राजेंद्र सिंह सागर ने बताया, आरोपी की पहचान श्याम के रूप में हुई है। वह एक जूता बनाने की फैक्ट्री में कंस्ट्रक्टर का काम करता है, जहां महिला भी काम करती थी। पश्चिमी दिल्ली के नांगलोई इलाके से गुरुवार सुबह उसे गिरफ्तार किया गया। हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार को बरामद कर लिया गया है।

पुलिस ने कहा, घटना बुधवार रात की है जब माधुरी नाम की यह महिला नांगलोई में अपनी छोटी बेटी के साथ अपने घर के बाहर टहल रही थी।पुलिस आयुक्त ने कहा, माधुरी को अकेला देखकर, श्याम उसके पास आया। माधुरी ने उसके प्रेम प्रस्ताव को ठुकरा दिया, जिसके बाद उसने आधे दर्जन से ज्यादा बार उसे चाकू मारा।